त्रैमासिक परीक्षा 2017-2018
हिन्दी भाषा

कक्षा : IV
समय : 2 घंटे 15 मिनट **पूर्णांक : 80**

1. किसी एक विषय पर निबंध लिखें :- **[12]**

(क) आपका सबसे प्रिय खेल कौन-सा है ? आप उसे कैसे खेलते हैं ?

(ख) आपकी प्रिय शिक्षिका कौन है ? उनके किन गुणों के कारण आप उन्हें पसंद करते हैं ? बताएँ ।

2. बड़े भाई की शादी में शामिल होने के लिए चार दिनों के अवकाश के लिए प्रधानाचार्या को पत्र लिखें: **[10]**

3. नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखें :- (सिर्फ उत्तर लिखें)

किसी वन में कोई गधा रहता था। वह बड़ा कपटी और धोखेबाज था। एक बार उसे कहीं से शेर की खाल मिली। उसे पाकर वह बहुत प्रसन्न हुआ। उसने खाल ओढ़कर शेर का रूप बना लिया। अब वह सबको डराने लगा।

सभी जानवर उसके रूप को देखकर डरने लगे। वह भी सब पर बहुत रोब जमाने लगा। वह गधा सब जानवरों से अपनी सेवा करवाता था। बड़े-बड़े जानवर भी उसकी खुशामद करते थे। इस प्रकार धोखा देकर वह मौज मनाता था। वह सबको कहता - "देखो, मैं वन का राजा हूँ मेरी ही पूजा करो।" वह गधा खा-पीकर खूब मोटा-ताजा हो गया।

एक बार वह गधा खेत में जाकर घास पर घूमने लगा। सभी जानवर वहाँ से भाग गए। खेत के रखवाले भी डरकर छिप गए। इतने में एक गधा चिल्ला उठा। बस फिर क्या था। यह गधा भी कान उठाकर रेंकने लगा। इससे उसका भेद खुल गया। सब जानवर समझ गए कि यह तो शेर की खाल में गधा है। रखवालों ने लट्ठ उठा लिए और मार-मारकर उसे खेत से भगा दिया। सीख-जो व्यक्ति धोखा देता है, उसको ऐसे ही फल मिलता है। छल-कपट के व्यवहार का परिणाम सदा बुरा होता है।

(क) गधा कैसा जानवर था ? [2]

(ख) गधा क्या पाकर बहुत प्रसन्न था ? [2]

(ग) सभी जानवर गधे से क्यों डरने लगे ? [3]

(घ) गधे का भेद कैसे खुल गया ? [3]

(ङ) इस कहानी से क्या सीख मिलती है ? [3]

4. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखें : (केवल उत्तर लिखें) **[5]**

दाँत खट्टे करना, हाथ मलना, कान भरना, नाक रखना, पानी-पानी होना।

5. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखें : **[5]**

साहसी, उतार, विजय, निश्चय, मित्र

Downloaded From www.icseboard.org

5. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें : [5]

पक्षी, बेटी, स्त्री, फूल, पृथ्वी

6. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक-एक शब्द लिखें : (केवल उत्तर लिखें) [5]

(क) जिसे भूख लगी है -

(ख) धीरे-धीरे धूमना -

(ग) सर्दी से काँपना -

(घ) जो झूठ बोलता है -

(ङ) साथ पढ़ने वाला -

8. निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखें : [6]

दयालू, पुज्य, अतीथी, गृहस्त, ग्यान, करम

9. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बताएँ - [6]

दूध, केला, चाय, लीची, पुस्तक, ताला

10. रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखें : (केवल उत्तर लिखें) [6]

(क) चिड़ा दाना चुगता है ।

(ख) बालिका ने बुढ़िया को सड़क पार करवाई ।

(ग) हाथी धीरे-धीरे चलता है।

(घ) छात्र अध्यापक के पास गया।

11. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्त्तन करें : (केवल उत्तर लिखें) [7]

(क) माँ खाना बना रही है। (संज्ञा शब्द को रेखांकित कर भेद लिखें) [1]

(ख) ताजमहल आगरा में है। (संज्ञा शब्द को रेखांकित कर भेद लिखें) [2]

(ग) पंडित मंदिर में पूजा करते हैं । (लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखें) [2]

(घ) मुझे बाजार जाना है। (सर्वनाम शब्द को रेखांकित कर भेद लिखें।) [1]

(ङ) जो मेहनत करेगा, वह परीक्षा में पास होगा। (सर्वनाम शब्द को रेखांकित कर भेद लिखें)। [1]

Downloaded From www.icseboard.org